प्रपत्र–1

# प्रतिवेदन

**परियोजना का नामः–जनपद देहरादून के विकास खण्ड डोईवाला के अन्तर्गत जाखन नदी पर सूर्यधार झील एवं पहुँच मार्ग के निर्माण हेतु 3.69 है0 वन भूमि का सिंचाई विभाग को हस्तान्तरण।**

उपरोक्त विषयक प्रस्तावित सूर्यधार झील व पहुँच मार्ग शासनादेश संख्या मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 87/2017 दिनांक 19.06.2017 के द्वारा निर्माण हेतु स्वीकृत है। प्रस्तावित झील व पहुँच मार्ग थानों भोगपुर रोड़ के जाखन पुल से सनगाँव मोटर मार्ग के कि0मी0 2 से आरम्भ होकर सूर्यधार (जाखन नहर का हैड) से 100 मी0 अपस्ट्रीम तक निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। झील का केचमैन्ट एरिया झील एवं पहुँच मार्ग के लिए अन्य कोई विकल्प न होने के कारण इसे वनभूमि में प्रस्तावित किया गया है। जिस जगह झील का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है वह समस्त जगह वन विभाग की है। वर्तमान में यहाँ पर वन विभाग द्वारा निर्मित कच्चा मार्ग विद्यमान है। प्रस्तावित सड़क का संरेखन का कुछ भाग इसी कच्चे मार्ग का अनुसरण करता है। प्रस्तावित योजना के अन्तर्गत जाखन नहर के 60 मी0 अपस्ट्रीम में कंक्रीट बैराज का निर्माण किया जायेगा। बैराज निर्माण से 77575.8 घनमीटर पानी का संचय होगा, जिससे इस क्षेत्र के दूरस्त क्षेत्रों तक पेयजल की आपूर्ति की जायेगी। सिंचाई हेतु पानी की प्रचुर उपलब्धता के कारण कृषि उपज में वृद्धि होगी जिससे पलायन पर भी रोक लगेगी। बैराज/झील बनने से स्वाभाविक वाष्पीकरण से गर्मियों में मौसम खुशनुमा एवं वांछित वर्षात की सम्भावना भी बनी रहेगी।

झील निर्माण से क्षेत्र के पर्यटन में वृद्धि होगी जिससे इस क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। पहुँच मार्ग बनने से स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। योजना माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्वाचन क्षेत्र की है तथा जलसंचयन प्रकार की अति महत्वपूर्ण योजना है। योजना के अन्तर्गत जियोलोजिकल, टोपोग्राफी आदि सभी प्रकार के सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा योजना का नाबार्ड द्वारा भी धनावंटन हो चुका है।

चूंकि योजना अति महत्वपूर्ण एवं समयवद्ध प्रकार की है अतः माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा इसे त्वरित रूप से कियान्वयित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

यह भी अवगतनीय है कि मानसून में बाढ़ की प्रलयता रोकने में भी यह झील सहायक सिद्ध होगी।

सहायक अभियन्ता
सिंचाई खण्ड देहरादून

प्रभागीय वनाधिकारी
देहरादून वन प्रभाग,
देहरादून

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड देहरादून

This pc/Local dish-f/ saurabh New Office File 2017/ Forest File